एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

वत 2083 | बरेली | सोमवार, 29 जून 2026,

PAGE NO 6 : MIDDLE

# अहंकार, रिश्तों की जटिलता और प्रेम का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस रिद्धिमा में एंटोन चेखव के नाटक 'द प्रपोजल्स' का मंचन
- नाटक में पात्र अपने स्वभाव, जिद और पूर्वाग्रहों के कारण टकराते रहते हैं



नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम एंटोन चेखव लिखित और जय सिंह निर्देशित नाटक 'द प्रपोजल्स' का मंचन किया गया।

अलीगढ़ की रंगसाज आर्ट एंड कल्चरल सोसायटी की ओर से प्रस्तुत यह नाटक एंटोन चेखव के दो प्रसद्ध हास्य नाटकों ''द प्रपोजल'' और द बेयर पर आधारत रहा। इसमें मानवीय अहंकार, रिश्तों की जटिलताओं और प्रेम की अप्रत्याशित प्रकृति को हास्य और व्यंग्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। नाटक में ऐसे पात्रों की कहानी दिखाई गई, जो अपने-अपने स्वभाव, जिद और पूर्वाग्रहों के कारण लगातार टकराते रहते हैं। कहीं विवाह प्रस्ताव बहस और झगड़े में बदल जाता है, तो कहीं पैसों के लेन-देन का विवाद अप्रत्याशित भावनात्मक संबंध का रूप ले लेता है। छोटी-छोटी बातों पर होने वाले संघर्ष हास्यास्पद परिस्थितियां पैदा करते हैं और दर्शकों को हंसी के साथ-साथ आत्मचिंतन का अवसर भी देते हैं। हास्य, व्यंग्य, तकरार और मानवीय संवेदनाओं से भरपूर यह नाटक दर्शाता है कि कभी-कभी सबसे गहरे रिश्तों की शुरुआत सबसे तीखे संघर्ष से होती है। नाटक द प्रपोजल के मुख्य पात्र माइकल डिसूज़ा की भूमिका खुद इसके निर्देशक जय सिंह ने निभाई। स्टीफन की भूमिका अनुज श्रीकृष्णा, नताल्या 1 की भूमिका वंदना और नताल्या 2 की भूमिका आरजू सिद्दीकी, केयर टेकर ल्यूका की भूमिका नकुल, फौजी की भूमिका स्मिरनोव ने निभाई। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा, सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.शैलेश सक्सेना, डा.रीता शर्मा सहित शहर के गण्यमान्य लोग मौजूद रहे।